समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# IPL 2025 हुआ रद्द, भारत पाकिस्तान तनाव के बीच BCCI ने लिया बड़ा फैसला।

Publisher
Published on 09 May 2025



**भारत पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई ने IPL 2025 का आयोजन रद्द कर दिया है. बोर्ड ने केद्रं और सभी फ्रेंचाइजी और हितधारकों से सलाह के बाद यह फैसला लिया है.**

भारत पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई ने IPL 2025 का आयोजन रद्द कर दिया है. अब आज से आईपीएल सीजन 18 का कोई मैच नहीं खेला जाएगा. बोर्ड ने केंद्र और सभी फ्रेंचाइजी और हितधारकों से सलाह के बाद यह फैसला लिया है. आज से कोई मैच नहीं होगा.

आईपीएल में लीग स्टेज के अभी 13 मैच बचे हुए हैं, इसमें पंजाब बनाम दिल्ली मैच भी शामिल है जो गुरुवार को रद्द हुआ था. अभी तक कोई टीम आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई है. अब यह तय नहीं किया गया है कि बचे हुए मैच कब और कहां खेले जाएंगे. बोर्ड की प्राथमिकता अभी सभी खिलाड़ियों की सुरक्षा है और जल्द ही विदेशी खिलाड़ियों को भी अपने-अपने वतन सुरक्षित पहुंचाया जाना है.

धर्मशाला में मैच रोके जाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स घबरा गए थे. ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में दावा किया जा रहा था कि रिकी पोंटिंग समेत सभी प्लेयर्स स्वदेश लौटना चाहते हैं. हालांकि धर्मशाला में एयरपोर्ट बंद होने के कारण सभी प्लेयर्स को रेल द्वारा दिल्ली लाया जाएगा.

फ्रेंचाइजी भी विदेशी खिलाड़ियों को स्थिति के बारे में बता रही है. उन्हें ये भी आश्वस्त किया गया कि उन्हें वापस भिजवाने की व्यवस्था की जा रही है.

IPL 2025 में 57 मैच सफलतापूर्वक हो गए थे जबकि 8 मई को धर्मशाला में खेले गए 58वें मैच (PBKS vs DC) को सुरक्षा कारणों से बीच में ही रोक दिया गया. जम्मू समेत कई जगहों पर पाकिस्तान ने ड्रोन हमले किए, जिसे भारत की सेना ने मार गिराया.

लेकिन एहतियातन धर्मशाला में खेले जा रहे मैच को रोककर प्लेयर्स को होटल वापस भेज दिया गया था.

IPL 2025 में अभी किन टीमों के मैच बचे हुए हैं

59: LSG vs RCB

60: SRH vs KKR

61: PBKS vs MI

62: DC vs GT

63: CSK vs RR

64: RCB vs SRH

65: GT vs LSG

66: MI vs DC

67: RR vs PBKS

68: RCB vs KKR

69: GT vs CSK

70: LSG vs SRH

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.